दिनांक 19.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने आज दिल्ली से आये हुए सुयोग्य मिश्रा मा.उच्च.न्यायालय द्वारा राक्षित कमेटी के अध्यक्ष एवं सुडा रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पी0आर0 ध्रुव द्वारा प्रातः से ही रैन बसेरा का निरीक्षण करने पहुंचे। जोन 01 नेहरु नगर के अंतर्गत प्रियदर्शनी परिसर एवं आकाश गंगा सब्जी मण्डी में बनें रैन बसेरा की जानकारी दी। निरीक्षण में रैन बसेरा भवनों का रंग रोगन, पानी, बिजली, शौचालय, पंखा, साफ–सफाई, दरवाजा, रैंप, बेड, चादर, दरी, तकिया, एवं रजिस्टर, केयरटेयर, संकेतक बोर्ड का निरीक्षण किया गया। जिसमें संबंधित विभाग के जोन आयुक्त, राष्ट्रीय आजिविका मिशन के सामुदायिक संगठिका, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी